वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 10 जनवरी 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

वामपंथ प्रायोजित जेएनयू हिंसा का सच उजागर

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय सहित देशभर के कई विश्वविद्यालयों में वामपंथी छात्र संगठनों द्वारा उनसे असहमति रखने वाले छात्रों के साथ लगातार हिंसा की जा रही है। आज दिल्ली पुलिस द्वारा की गई निष्पक्ष पड़ताल में पुनः आईसा, एआईएसएफ, एसएफआई, डीएसएफ इन चार छात्र संगठनों के नाम उजागर हुए हैं।

पूर्व में ही यह स्पष्ट हो चुका है कि जब छात्र रजिस्ट्रेशन हेतु इच्छुक थे, तब उन्हें जबरदस्ती रोका गया तथा उनके साथ मारपीट की गई। यह महत्वपूर्ण ढंग से रेखांकित करने की आवश्यकता है, कि जेएनयू में वामपंथी संगठनों द्वारा हिंसा फैलाने की साजिश प्रायोजित थी और उस हिंसा में अभाविप कार्यकर्ताओं तथा रजिस्ट्रेशन करने वाले आम छात्रों को निशाना बनाया जा रहा था। इस हिंसा में अभाविप के कई कार्यकर्ता तथा आम छात्र भी घायल हुए।

वामपंथी छात्र संगठन विश्वविद्यालयों में अशांति फैलाने तथा पढ़ाई का माहौल खराब करने का दुष्कृत्य कर रहे हैं, वह उन्हें सबसे पहले बंद करने की जरूरत है तथा प्राथमिक रूप से यह समझने की आवश्यकता है कि विश्वविद्यालय संवाद का स्थान होते हैं, न कि अपनी कमजोर होती राजनीतिक स्थिति पर हिंसा करने की।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "जेएनयू में वामपंथी छात्र संगठनों के द्वारा उनसे असहमति रखने वाले छात्रों के साथ हमेशा हिंसा की गई है और फैकल्टी में वामपंथी विचारधारा के प्रोफेसरों के द्वारा वामपंथ से असहमति रखने वाले छात्रों के साथ भेदभाव किया गया। जेएनयू हिंसा में शामिल वामपंथी छात्र संगठनों तथा लेफ्ट के छात्र नेताओं के नाम प्रारंभिक जांच में सामने आए हैं, हमें आशा है कि इन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होगी।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)